**Need to extend time-limit for procurement of Soyabean from farmers by NAFED in Maharashtra- Laid**

श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर **(उस्मानाबाद) :** केंद्र सरकार की योजना NAFED अंतर्गत महाराष्ट्र के उस्मानाबाद (धाराशिव) जिले, लातूर जिले के औसा और निलंगा तालुका तथा सोलापुर जिले के बार्शी तालुका के कुल 44013 किसानों ने पंजीकरण कराया था । इनमें से 15,749 किसानों से सोयाबीन खरीदा जा चुका है, जबकि शेष 28,264 किसानों से सोयाबीन अभी तक नहीं खरीदा गया है । दिए गए लाखों में से केवल धाराशिव जिले से 12 लाख 11 हजार 446 क्विंटल सोयाबीन खरीदा गया है, निलंगा तालुका से 83 हजार 320 क्विंटल और बार्शी तालुका से 26177 क्विंटल सोयाबीन खरीदा गया है । शेष किसानों की संख्या को ध्यान में रखते हुए पंजीकृत किसानों से 64 प्रतिशत सोयाबीन (कुल 13 लाख 20 हजार 943 क्विंटल) खरीदी की जा चुकी है । किसानों से शेष 36 प्रतिशत सोयाबीन की खरीद अभी भी लंबित है । शेष सभी किसानों से सोयाबीन खरीदने की समयसीमा बढ़ाई जानी चाहिए । मेरा सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त सभी किसानों से सोयाबीन खरीदने की समय सीमा बढ़ाई जाय, और सभी किसानों के साथ न्याय किया जाय! विशेषकर इसमें वंचित किसानों को इसका फायदा दिया जाए ।